Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7516	05.07.2023	06.07.2023	Indore Madhya Pradesh	www.naidunia.com/Hindi https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/indore-indore-news-dog-bite-cases-increased-in-indore-dogs-biting-more-than-125-people-every-day-8193657
Title:	**Dog bite cases increased in Indore, more than 125 people every day, Madhya Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Indore, SSU- Madhya Pradesh			

शहर में गली-गली में घूमने वाले आवारा श्वान राहगीरों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को यह अपना शिकार बना रहे हैं। ताजा आंकड़ों पर गौर करें तो पाएंगे कि शहर में रोजाना 125 से अधिक लोगों को श्वान काट रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार कोई कार्रवाई करते हुए नजर नहीं आ रहा है। कुछ समय तक नगर निगम ने श्वानों की नसबंदी की थी, लेकिन इसके बाद उन्होंने भी ध्यान देना बंद कर दिया।

आवारा श्वान कई लोगों को तो इस तरह जख्मी कर देते हैं कि उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है। कभी यह राह चलते लोगों को काटते हैं, तो कभी गली-सड़कों पर घूमने वाले बच्चों और बुजुर्गों को भी अपना निशाना बना लेते हैं। हुकुमचंद अस्पताल में श्वान काटने से जख्मी लोग बड़ी संख्या में इलाज करवाने के लिए आते हैं। यहां जनवरी से लेकर मई तक 19397 लोग इलाज करवाने के लिए आ चुके हैं। अप्रैल में 3668 लोगों को श्वानों ने अपना शिकार बनाया था, वहीं मई में संख्या बढ़कर 4014 हो गई है।

दोपहिया वाहन चालक भी परेशान

श्वान के आतंक से पैदल चलने वाले लोगों के साथ ही दोपहिया वाहन चालक भी परेशान है। श्वान दोपहिया वाहन के पीछे भी लपकते हैं, जिसके कारण कई बार चालक डरकर नीचे गिरकर जख्मी हो जाते हैं। रात के समय श्वान का आतंक ज्यादा देखने को मिलता है, क्योंकि इस समय सड़कों पर वाहनों की संख्या कम हो जाती है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

लोगों ने बताया कि श्वानों के कारण रात के समय हमें घरों से बाहर निकलने में भी डर लगने लगा है। हम सामान लेकर घर जाते हैं तो यह थैलियां छिन लेते हैं। बच्चों को भी इनके डर से घर से बाहर अकेले नहीं भेज पाते हैं।

हर माह लोगों को बनाया शिकार

माह टोटल मरीज
जनवरी 4068
फरवरी 3764
मार्च 3883
अप्रैल 3668
मई 4014

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC